श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
09.05.2024
वैशाख शुक्लपक्ष प्रतिपदा संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 254

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:15 बजे
अस्त - 06:29 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 34 डिग्री से.
न्यूनतम : 23 डिग्री से.

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज

डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

अबकी बार नहीं होगा भाजपा का बेड़ा पार : मिथिलेश >> पेज 03 | विरासत को संभाल रहीं पत्नियां व बेटियां >> पेज 04

**सुविचार**

दिमाग ठंडा हो तो
फैसले गलत नहीं होते
और भाषा मीठी हो तो
अपने दूर नहीं होते

**न्यूज अपडेट्स**

### तेजस्वी यादव 10 मई को पलामू में करेंगे चुनावी जनसभा

**रांची।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव 10 मई को पलामू में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। तेजस्वी प्रसाद यादव की चुनावी सभा पलामू लोकसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर होगा। इनमें रंका उच्च विद्यालय मैदान, विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र और कपूर्री अनुमंडल मैदान हुसैनाबाद शामिल हैं। यह जानकारी राजद के मुख्य प्रवक्ता मनोज कुमार ने दी।

### कोडरमा जिले में वज्रपात से दो लोगों की मौत

**कोडरमा।** जिले में वज्रपात की दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। पहली घटना मंगलवार देर शाम सतगावां थाना अंतर्गत ढाब में हुई, जहां वज्रपात से संजय राजवंशी (45 ) की मौत हो गयी। मंगलवार देर शाम आंधी और बारिश के बाद वज्रपात ने घर के पास बैठे संजय राजवंशी को अपनी चपेट में ले ले लिया। उसे कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरी घटना में चंदवारा थानान्तर्गत पिपराही में मंगलवार की देर शाम बारिश के साथ हुई वज्रपात की घटना में मो गुलाम रसूल (30) की मौत हो गयी।

**चुनाव** ▶ राजद नेता तेजस्वी यादव ने छत्तरपुर में कहा

# मोदी ने वादा पूरा नहीं किया



**मेदिनीनगर।** बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को पलामू जिले के छत्तरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नीत एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 वर्षों के शासनकाल में झूठ के सहारे राज किया है। मोदी 2014 में गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए लेकिन उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उनका एकमात्र मकसद हिंदू-मुस्लिम कर देश की सत्ता पर राज करना रह गया है।

तेजस्वी ने कहा कि मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है, जो महज एक जुमला है। उन्होंने पीएम मोदी के 2014 में दिए गए भाषण के कुछ अंश भी सुनाए और कहा कि इनमें एक भी पूरा नहीं किया गया। मोदी ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है।

तेजस्वी ने कहा कि यदि केंद्र में उनके गठबंधन की सरकार बनी तो गरीब घर की बेटियों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। साथ ही प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों को नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उनके किए गए वादे के तहत पांच लाख लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया। वह भी सरकारी रोजगार मिला।

तेजस्वी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विरोध में बोलने वालों को सीबीआई और ईडी से डराने की कोशिश करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मामलों में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध भी 50 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं लेकिन वह लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं। ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना लालू का बेटा झुकेगा। साथ ही कहा कि जेल से उन्हें डर लगेगा जो डरते हैं। हमारे तो भगवान ही जेल में पैदा हुए थे। इसलिए हम जेल से नहीं डरते। इस बार चार जून को देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सिर्फ खरीद-फरोख्त में विश्वास रखते हैं और उनके पास अडानी-अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं। उनके चार विधायकों को वह खरीद कर बिहार में सरकार में शामिल कर लिए। इस बार पिछड़े और दलित लोगों ने मन बना लिया है कि वे नरेन्द्र मोदी की सरकार को सत्ता से हटा देंगे।

## रांची-रामगढ़ टोल गेट पर पकड़ा गया 46 लाख रुपया



**रामगढ़।** रामगढ़-रांची टोल गेट के पास पुलिस द्वारा बनाए गए चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक इनोवा कार से लगभग 46 लाख रुपए बरामद किए गए हैं। जिस गाड़ी से पैसे मिले हैं उसे पर राकेश कुमार सिंह सवार था। चेकनाका पर मौजूद दंडाधिकारी अवधेश कुमार ने इसकी सूचना जिला प्रशासन को दी। घटनास्थल पर पहुंचे रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी अजय कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह, राजेश मुंडा इस जांच दल में शामिल थे। सूचना पर थाने पहुंची सेल टैक्स डिपार्टमेंट की नोडल पदाधिकारी अनीता थेल्मामिंज ने बताया कि बरामद रकम 10 लाख से अधिक थी, इसलिए इनकम टैक्स डिपार्मेंट जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।


जांच के दौरान स्टेटिक स्क्वाड टीम ने 4590500 रुपए बरामद किए हैं, उसमें 2000 के 21 नोट शामिल हैं। गौर करने वाली बात यह है कि 2000 के नोट वर्तमान समय में चलंत नहीं है। इसके बावजूद वह पैसे कहां से ले गए इसकी जांच हो रही है। इसके अलावा 9097 नोट 500 रुपए के हैं। स्टेटिक स्क्वाड टीम ने तत्काल इसकी सूचना फ्लाइंग स्क्वायड टीम को दी। जानकारी के अनुसार इनोवा कार (जेएच 01 डब्ल्यू 5126) पर इंसेंट्रिग कंपनी क्या डायरेक्टर राकेश कुमार सिंह और विजय कुमार नामक व्यक्ति सवार थे। राकेश कुमार सिंह इस कंपनी के डायरेक्टर पद पर है । रांची जिले के नामकुम से यह कंपनी अपना कार्य करती है। कंपनी रामगढ़ और बोकारो जिले में हाई मास्क लाइट लगाने का काम करती है। राकेश कुमार सिंह ने जांच अधिकारियों को बताया कि वह लाइट और सीमेंट का पेमेंट करने के लिए यह रकम ले जा रहे थे। रामगढ़ के अलावा कसमार ब्लॉक चौक और पेटरवार में उस पैसे की डिलीवरी की जानी थी।

## ईडी ने संजीव लाल व जहांगीर को रिमांड पर लिया



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर जहांगीर को ईडी ने बुधवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) से छह दिनों के रिमांड पर ले लिया। ईडी की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच इनोवा गाड़ी से दोनों को लेकर ईडी कार्यालय रवाना हुई। ईडी उनसे बरामद हुए 35.23 करोड़ रुपये के बारे में पूछताछ करेगी। ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को सोमवार देर रात गिरफ्तार करने के बाद मंगलावर को कोर्ट में पेश किया था। ईडी कोर्ट ने संजीव लाल और जहांगीर से पूछताछ करने के लिए छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी थी। ईडी दोनों से छह दिनों तक पूछताछ करेगी। पूछताछ मिठाई बड़े अधिकारियों और राजनेताओं का नाम सामने आ सकता है।

## मंत्री के पीएस संजीव लाल के कार्यालय में मिले दो लाख नकदी



**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम झारखंड मंत्रालय स्थित ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय को खंगाल रही है। इस दौरान ईडी की टीम को मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के कार्यालय के ड्रावर (दराज) से 500 के नोटों के बंडल मिले हैं। बरामद नोट दो लाख बताये जा रहे हैं। साथ ही कई कागजात मिले हैं। बताया गया है कि कार्यालय के कर्मियों से भी बंद कमरे में पूछताछ की जा रही है। कार्यालय के अन्य कर्मियों को बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। ईडी के डिप्टी डायरेक्टर कपिल राज भी प्रोजेक्ट भवन पहुंचे और कुछ देर बाद वहां से निकल गए।

उल्लेखनीय है कि ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35.23 करोड़ रुपये बरामद किए थे। इसके बाद ईडी ने संजीव लाल और जहांगीर को गिरफ्तार कर लिया था। ईडी की टीम बुधवार को रिमांड पर लेने के बाद संजीव को लेकर प्रोजेक्ट भवन पहुंची है। ग्रामीण विकास विभाग का एक कार्यालय प्रोजेक्ट भवन में हैं, जहां मंत्री बैठते हैं जबकि दूसरा कार्यालय एपीपी बिल्डिंग में है। इस कार्यालय में विभागीय सचिव, अधिकारी और कर्मचारी काम करते हैं।

**मुखिया के बुजुर्ग सास-ससुर मनरेगा मजदूर**

# अबतक 38 हजार रुपये का भुगतान

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड की कसमार पंचायत में अबुआ आवास में लाभुक का अंगूठा लगवा कर प्रथम किश्त की राशि रख लेने के बाद अब मनरेगा में गड़बड़ी उजागर हुई है। मुखिया संजू देवी पति अरविंद गुप्ता ने सास-ससुर क्रमश विमला देवी (62) एवं राजेन्द्र प्रसाद (65) को मनरेगा मजदूर बनाकर अबतक 38 हजार 352 रूपए का भुगतान कर दिया है। इस क्रम में 141 हाजिरी बनायी गयी है। पीएम आवास, शेड निर्माण एवं मेड़बंदी की योजना में मजदूरी भुगतान की गयी है। दरअसल, यह मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। यह तब उजागर हुआ जब अंगूठा लगवाकर मुखिया पति द्वारा सामगढ की एतवारिया देवी की अबुआ आवास योजना की प्रथम किश्त की राशि रख लेने का मामला सामने आया। एतवरिया के मुखर होने पर कसमार गांव के रामदास मोची ने उसके खेत में उसके नाम से ली गयी मेड़बंदी योजना (संख्या 3405006018/आईएफ/708090260348)



में गड़बड़ी की शिकायत उपविकास आयुक्त एवं बीडीओ से की। साथ ही जांच करके कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया। रामदास के अनुसार मेड़बंदी योजना में मुखिया द्वारा बगैर सूचना के अपनी सास (जॉब कार्ड नंबर जेएच 05-006-018-004-588ए) को भी मजदूर बनाकर 18 दिन की मजदूरी का भुगतान 4590 रूपए का भुगतान कर दिया। जबकि इस योजना में पूरा कार्य उसके परिवार के सदस्यों ने किया है। एक दिन भी मुखिया की सास ने मजदूरी नहीं की। ऐसे भी वह शारीरिक रूप से मजदूरी करने की स्थिति में नहीं है। पंचायत की ऐसी कई योजनाओं में मुखिया द्वारा अपनी सास एवं ससुर को मजदूर दिखाते हुए लाखों रूपए की हेराफेरी की गयी है।

### इन योजनाओं में मजदूरी भुगतान

मुखिया संजू देवी ने अपने सास-ससूर को मनरेगा मजदूर बनाकर छह योजनाओं में राशि की निकासी की है। वित्तीय वर्ष 2021 से 2024 तक सारा भुगतान हुआ है। योजनाओं में पीएम आवास के अलावा कलिता देवी के खेत में पशु शेड निर्माण, रामदास मोची, विनय साव एवं राजू राम के खेत में मेड़बंदी शामिल है। मामले में उपविकास आयुक्त से जब पक्ष लिया गया तो उन्होंने कहा कि इस सिलसिले में जल्द टीम गठित कर मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे दैनिक वेतनभोगी




**रांची।** लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर कार्मिक विभाग ने आदेश जारी कर कहा है कि किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में कार्यरत व्यक्ति, जिसे मतदान करने का हकदार है उसे मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा। इसके लिए उसकी मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जायेगी।

विभाग ने कहा है कि जिस कर्मचारी को उस दिन छुट्टी नहीं मिली तो उसे किसी दूसरे दिन छुट्टी या एक दिन का वेतन देय होगा। इन नियमों का उल्लंघन करने वाले नियोजकों से पांच सौ रुपये का जुमार्ना वसूला जायेगा। यह नियम उस निर्वाचक के लिए लागू नहीं होगा, जिसकी अनुपस्थिति से कोई खतरा या हानि हो सकती है। इसके अंतर्गत दुकान, प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारी भी शामिल हैं। जहां चुनाव होने वाले हैं और उस क्षेत्र के मतदाता बाहर काम कर रहे हैं, उन्हें भी इस आदेश से मतदान करने के लिए अवकाश दिया जायेगा।

# नगरपालिका बाजार की दुकानों में फिर हुई चोरी, चाबी सौंपने शहर थाने पहुंचे दुकानदार



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र के नगरपालिका बाजार में फिर दो दुकानों में चोरी हुई है जबकि एक दुकान में चोरी का प्रयास किया गया है। इससे आक्रोशित क्षेत्र के सारे दुकानदार बुधवार को शहर थाना पहुंचे और दुकानों की चाभी थाना में सौंपने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले भी नगर पालिका बाजार में ही तीन दुकानों में चोरी हुई थी। कुछ दुकानों में चोरी का प्रयास किया गया था। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी को सूचित किया गया था। मामला दर्ज कराया गया था। सुरक्षा का आश्वासन मिला लेकिन किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुकानदारों के मुताबिक, नगर पालिका बाजार में कुंआ के पास दुकानदार सुजीत कुमार की मिठाई दुकान से सात हजार नकदी, रूई पट्टी में अरुण प्रसाद की दुकान से 1500 नकदी चोरी की घटना हुई जबकि सुरेन्द्र प्रसाद की दुकान में चोरी का प्रयास किया गया। इसकी जानकारी बुधवार को जब दुकान खोलने पहुंचे तब हुई। सूचना मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता और पूर्व वार्ड पार्षद राजकुमार गुप्ता एवं नवीन गुप्ता आदि मौके पर पहुंचे। पूरी जानकारी ली और फिर शहर थाना पहुंचकर आक्रोश जताया। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि दो जवानों की तैनाती नगरपालिक बाजार में की गयी है। चोरों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज अपडेट्स

### 13 मई को मतदान के लिए 10 बूथ रीलोकेट

**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 13 मई को मतदान होना है। इस चुनाव में अधिकाधिक मतदान हो, इसे लेकर स्वीप अंतर्गत विभिन्न तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। वहीं अन्य स्तर पर कई तरह के निर्णय भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिले में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 10 मतदान केंद्रों में बदलाव किया गया है। रीलोकेट मतदान केन्द्रों में छतरपुर विधानसभा अंतर्गत डुणडूर उत्क्रमित मध्य विद्यालय पर बने मतदान केंद्र को तारडीह उत्क्रमित मध्य विद्यालय में रीलोकेट किया गया है। इसी तरह छतरपुर विधानसभा अंतर्गत रतनाग उत्क्रमित मध्य विद्यालय के मतदान केंद्र को उत्क्रमित मध्य विद्यालय लालगड़ा में शिफ्ट किया गया है। छतरपुर विधानसभा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय माड़ादाग को नव सृजत प्राथमिक विद्यालय खडार में रीलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा के उत्क्रमित मध्य विद्यालय माहुर में बने मतदान केंद्र को उतर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय, मोहम्मदगंज, उ. भाग में रिलोकेट किया गया है। हुसैनाबाद विधानसभा अंतर्गत प्रतापपुर उत्क्रमित मध्य विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र को स्रो.उ.वी. महुदण्ड, उत्तरी भाग में रीलोकेट किया गया है।

## गढ़वा ▶ आरक्षण समाप्त करने के प्रयास में है भाजपा : मिथिलेश

# भाजपा हिंदू-मुस्लिम के नाम पर देश में नफरत फैला रही है : तेजस्वी

बंशीधर न्यूज



**भवनाथपुर :** भाजपा हिंदू-मुस्लिम के नाम पर देश में नफरत फैला रही है। जिन बेरोजगारों के हाथों में कलम होनी चाहिये उन हाथों में तलवार पकड़ा कर आपस में लड़ा रही है। वादा करते हैं केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो, भवनाथपुर सेल के खाली पड़े 4 हजार एकड़ जमीन में उद्योग संस्थान स्थापित कर पलामू प्रमंडल से बेरोजगारी दूर करने का मांग करेंगे। उक्त बातें बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कही। वे स्थानीय प्लस टू हाईस्कूल के मैदान इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नोटबंदी में जनता की जगह भाजपा को फायदा हुआ, इलेक्ट्रोल बॉन्ड के जरिये पूंजी पतियों से हजारो करोड़ रुपए चंदा के रूप में उगाही की गई। भाजपा मुद्दे की बात नहीं करती बल्कि भाजपा हिंदू मुस्लिम कर समाज को तोड़ने का काम रही है, देश के संविधान को तोड़ने तथा आरक्षण को खत्म करने का प्रयास कर रही है। तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रति वर्ष 1 करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी, गैस सिलेंडर पांच सौ रुपए में मिलेगी तथा गरीब बहनों को पढाई के लिये प्रत्येक वर्ष एक लाख रुपए दिये जायेंगे। सूबे के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि भाजपा देश से संविधान व आरक्षण को समाप्त करने का प्रयास कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर इण्डिया गठबंधन समाप्त नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टचारियों को संरक्षण देती है। भाजपा रूपी वाशिंग मशीन में धूल कर घोटालेबाज खुलेआम घूम रहे हैं। वहीं भाजपा सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेजने का काम किया है, जिसे जनता इस चुनाव में सबक सिखायेगी। वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश साहनी ने कहा कि इंडी गठबंधन के लिये यह चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा देश के संविधान को बचाने के लिये है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब की संविधान देश में बराबरी का दर्जा देती है, जिसके बदौलत मैं आज यहां खड़ा हुं। लेकिन भाजपा संविधान को ही समाप्त करना चाह रही है। इंडी गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि देश जिस दौर से गुजर रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। देश की जनता महंगाई से त्रस्त है। पलामू में बेरोजगारी एवं पलायन रुकने का नाम नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार की तलाश में यहां से पलायन करने वाले लोगों के पास पैसा आने की जगह उनकी लाशे आ रही है, यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। सभा में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, गोड्डा के पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव, जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, अभय पांडेय, जिलाध्यक्ष सूरज सिंह, कांग्रेस के अब्दुल्ला हक अंसारी, उपाध्यक्ष शैलेश चौबे, झामुमो के तनवीर आलम, मनोज ठाकुर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नई संस्कृति सोसायटी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**मेदिनीनगर :** नई संस्कृति सोसायटी ने बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान मेदिनीनगर के विभिन्न चौक चौराहों पर हाथों में मतदाता जागरूकता संबंधित संदेश लिखे तख्तियों के साथ लोगों से मतदान की अपील की। साथ ही इन्हीं तख्तियों के माध्यम से ट्रैफिक के नियमों का पालन करने और हेल्मेट पहनने की भी सलाह दी गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्योहार है। यह वही समय है जब हम अपने राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करते हैं ऐसे में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना हम सभी लोगों का दायित्व बन जाता है। उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि हम सभी के अंदर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के लिये उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हो रहा है, हम सभी लोग लोकतंत्र के इस त्यौहार को जबरदस्त तरीके से मनाने का हवन करते हैं और सभी लोगों को मतदान अवश्य करने की सलाह दे रहे हैं। प्रबंधक चंदा कुमारी ने कहा कि हम आज ही नहीं बल्कि 13 तारीख तक इस कार्यक्रम को निरंतर सभी गांव टोले मोहल्ले मे जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संचालित करेंगे। मौके पर संस्था के सचिव अजीत कुमार पाठक, हिमांशु त्रिवेदी, उदय कुमार झा, संदीप प्रसाद, सुनील कुमार गुप्ता, सुधाकर गोपाल, कृष्ण तिवारी, दिवाकर मिश्रा, पंकज निराला, अंकित कुमार, दिव्यांशु कुमार, सुरेश अग्रवाल, उत्कर्ष कुमार झा, श्रद्धा कुमारी आदि मौजूद थे।

## उंटारी में हुई सड़क दुर्घटना में बाईक सवार दो युवकों के टूटे पैर, तीसरा भी घायल



**विश्रामपुर :** उंटारी रोड थाने के लुम्बा सतबहिनी गांव के समीप बुधवार की अहले सुबह एक टेम्पू व बाईक के बीच टक्कर हो गयी। जिसमें बाईक सवार तीन युवकों में दो का पैर टूट गया। वहीं बाईक पर सबसे पीछे बैठे तीसरे को आंशिक चोटें आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस टेम्पू को जब्त कर थाने लायी है। वहीं घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर के मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में बेहतर इलाज के लिये भेजा गया। जहां घायल युवक विनय प्रजापति (21) व पंकज प्रजापति (20) के टूटे पैर का प्लास्टर हुआ है। वहीं संतोष प्रजापति को भी चोटें आई है। जानकारी के अनुसार एक बाईक पर सवार होकर विनय प्रजापति, पंकज प्रजापति व संतोष प्रजापति गढ़वा जिले के बेलचम्पा से एक रिश्तेदार के घर से अपने घर हैदरनगर बुधवार की सुबह लौट रहे थे। इसी क्रम में लुम्बा गांव के समीप अचानक उनकी टक्कर एक विपरीत दिशा से आ रही एक टेम्पू से हो गयी। जिसमें सभी बाईक सवार सड़क पर गिर गये। उंटारी थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि टेम्पू को जब्त कर थाने लाया गया है। वहीं घायल बाईक सवार अभी इलाज कराने गये हैं। उनके आवेदन पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

# पदच्युत चालक ने नाजीर पर लगाया भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप

### मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिख की कार्रवाई की मांग

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** प्रखंड के पदच्युत चालक व ओखरगाड़ा गांव निवासी सत्य प्रकाश को ब्लॉक से हटाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ब्लॉक से हटाये जाने के बाद सत्य प्रकाश ने प्रखंड कार्यालय पर भ्रष्टाचार का बड़ा गंभीर आरोप लगाया है। इस बाबत उसने झारखंड के मुख्य सचिव सहित कई आला अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर नाजिर पर अधिकारियों की मिली भगत से किये गये भ्रष्टाचार की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर उसने न्यायालय की शरण लेने की बात कही है। साथ ही चालक द्वारा प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर आरटीआई के तहत सूचना मांगे जाने के बाद धमकी मिलने का आरोप लगाते हुय प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, प्रखंड नाजिर सुनील कुमार, मनोज कुमार दुबे उर्फ बबलू दुबे, गिरिजा देवी पति कन्हाई साव तथा सुनील प्रसाद गुप्ता पिता लखन प्रसाद पर गढ़वा सिविल कोर्ट में परिवाद दायर किया गया है। जिसमें कहा गया है कि उपरोक्त विपक्षी गण द्वारा साजिश कर मुझे चालक पद से हटाया गया है तथा मुझे परेशान करने के लिये तरह-तरह के हथकंडा अपनाया जा रहा है। इसके पूर्व सत्यप्रकाश द्वारा ईडी को पत्र लिखकर नाजीर द्वारा किये गये भ्रष्टाचार का जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया गया है।

### जांच के बाद होगी करवाई : बीडीओ

मेराल प्रखंड कार्यालय में चालक के पद पर 14 वर्षों से कार्यरत सत्य प्रकाश कार्य मुक्त होने पर प्रखंड नाजीर पर पदाधिकारी के मिली भगत से भ्रष्टाचार का बड़ा आरोप लगाया गया है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ जागो महतो ने कहा कि आरोप पर गंभीरता से जांच की जा रही है, दोषी पाए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# एमआरपी से अधिक शराब बिक्री पर कार्रवाई, 21 भेजे गए जेल



**मेदिनीनगर।** पलामू उत्पाद की ओर से लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद और इससे पहले की गई कार्रवाई में बड़ी उपलब्धि हासिल की गयी है। उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में उपलब्धियां गिनाते हुए बताया कि विभाग जेएसबीसीएल द्वारा सभी अंचलों में संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों में नियमानुसार शराब बिक्री कराने के लिए तत्पर है एवं स्थिति को भी नियंत्रण में रखे हुए हैं। किसी भी दुकान में एमआरपी से अधिक मूल्य पर मदिरा बिक्री की जाती है तो तत्काल कार्रवाई करने के लिए तीन उत्पाद पदाधिकारी की नियुक्ति की गई है। अब तक की गई कार्रवाई में 21 लोगों को जेल भेजा गया है, जबकि 24 को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। उन्होंने आम लोगों से इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत के लिए उत्पाद अंचल अवर निरीक्षक के मोबाइल नंबर 6201235079 9199894550 एवं 7004403729 एवं उनके मोबाइल नंबर 7992245087 पर भी सूचना देने की अपील की है, ताकि शिकायत का निवारण किया जा सके। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब शराब निमार्ता एवं चोरी छिपे व्यापार करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की गई है। अब तक 122 अभियोग दर्ज किए गए हैं तथा 3206 लीटर अवैध चुलाई शराब, 88650 किलोग्राम जावा महुआ, 7827.95 लीटर अवैध निर्मित विदेशी शराब, 250 लीटर स्प्रिट, चार अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री, शराब बनाने के समान जैसे विभिन्न ब्रांडों के लेबल, रैपर, होलोग्राम, ढक्कन, पैकिंग, शराब पैक करने की खाली बोतल, विदेशी शराब में प्रयुक्त होने वाले कैरामेल जब्त किए गए हैं। अरुणाचल प्रदेश एवं पंजाब राज्य में बिक्री होने वाली अंकित लेबल के साथ विदेशी शराब जप्त की गई है, जिसकी कीमत करोड़ों रुपए आंकी गई है। इसमें शामिल 13 अभियुक्तों को जेल भेजा गया है तथा 108 के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। उत्पाद अधीक्षक ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की उपलब्धियां के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग लक्ष्य पानी के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। उनकी कोशिश है कि ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई कर टारगेट को पूरा किया जा सके।

# कूप निर्माण में जेसीबी से खुदाई की बीडीओ ने जांच कर प्राथमिकी का दिया निर्देश

बलराम शर्मा




**मेराल :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओखरगाड़ा पश्चिम में मनरेगा से संचालित बिरसा सिंचाई कूप निर्माण कार्य में बुधवार को मजदूर के बदले जेसीबी मशीन लगा कर खुदाई करने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी मिलने पर बीडीओ जागो महतो ने पंचायत सचिव तथा जेई को जांच कर प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया है। विदित हो कि काम के अभाव में जहां सैकड़ो मजदूर प्रतिदिन पलायन कर रहे हैं। वहीं मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ रहा है। मनरेगा के नियमों को ताक पर रखकर मशीन के द्वारा दिन में भी धड़ल्ले से कार्य किया जा रहा है। ओखरगाडा. के योजना कोड संख्या 3407004016/ आई एफ 70809012382 में मशीन से कार्य करने का वीडियो, फोटो वायरल होने पर बीडीओ द्वारा जांच का आदेश दिया गया है।

# पुलिस ने कुम्बा खुर्द जंगल में चल रहे अवैध शराब भट्ठी को तोड़ा



**श्री बंशीधर नगर :** पुलिस ने कुम्बा खुर्द जंगल में चल रहे अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने कुम्बा खुर्द जंगल में बुधवार को सुबह में छापेमारी कर महुआ से निर्मित देशी शराब को नष्ट कर शराब बनाने में उपयोगी कई उपकरण बरामद किया है। बंशीधर न्यूज में बुधवार को 'कुम्बा खुर्द के जंगल में चल रहा शराब माफियाओं का राज' संबंधी खबर प्रमुखता से प्रकाशित होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने उक्त शराब भट्ठी में 21 बड़े ड्रामों में पास के लिए तैयार अवैध महुआ को नष्ट कर ड्रम को जला दिया। साथ ही वहां से लगभग 30 लीटर तैयार देशी शराब को जब्त किया है। हालांकि इस गोरखधंधे में संलिप्त लोग फरार हैं। बताया गया है कि पुलिस के पहुंचने से पहले भट्ठी संचालक सभी लोग फरार हो गए थे। थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक ने बताया कि उपरोक्त मामले में साकेत कुमार गुप्ता उर्फ छोटू, मदन साहू, जितेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ बड़कू एवं शिव कुमार उरांव चार लोगों के विरुद्ध भादवि और उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं केस दर्ज हुआ है। छापेमारी अभियान में इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक समेत कई पुलिस अधिकारी व पुलिस के जवान शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### परशुराम मंदिर में धूमधाम से मनेगी जयंती

**मेदिनीनगर :** अक्षय तृतीया के दिन 10 मई को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के तत्वाधान में स्थानीय रेड़मा स्थित भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में चुनाव आचार संहिता के नियमों का पालन करते हुये कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के जिलाध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि झारखण्ड के पहले परशुराम मंदिर की नीव मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित मथुराबाडी. में रखी गई थी जिसका निर्माण कार्य अब अंतिम चरण में है और इस मंदिर का निर्माण प्राण प्रतिष्ठा जो कि नवंबर माह में प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के कारण बड़े कार्यक्रम आयोजन को फिलहाल टाल दिया गया है और सरकार के सभी गाईडलाईन का पालन करते हुये इस बार मंदिर प्रांगण में पूजन, संध्याकाल मे 5 बजे प्रदोष काल के शुभ मुहूर्त में संपन्न होगा। पूजन कार्यक्रम धमाचार्य रमेश पांडेय व प्रकांड विद्वान नवीन पांडेय की देखरेख में होगा। मौके पर संरक्षक कमलेश शुक्ला, अजय तिवारी अकेला, बंसत तिवारी, परमेस तिवारी मुकेश तिवारी, अमित तिवारी, अविनाश पाण्डेय, अभिषेक तिवारी, संजीत पांडेय, आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, अरविंद पांडेय, अंकित पांडेय, मनीष पांडेय, राहुल पाठक, नगर उपाध्यक्ष रितिक चौबे, करनकांत तिवारी अप्पू तिवारी, मनि तिवारी, नवीन पांडे, अभिषेक पांडे, शशिकांत तिवारी, बिटू पांडेय आदि मौजूद थे।

**चुनाव** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने मेराल प्रखंड की विभिन्न पंचायतों का किया दौरा, कहा

# अबकी बार नहीं होगा भाजपा का बेड़ा पार

### ममता भुईयां को जीताने की अपील

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लोगों से पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को जीताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सभी पंचायतों में जनसभा को संबोधित किया। मंत्री श्री ठाकुर ने आमजनों से पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र का संपूर्ण विकास एवं केंद्र में जनसरोकार की सरकार बनाने के लिये ममता भुईयां को वोट करें। ताकि सभी लोगों को उनका अधिकार पूरी तरह से मिल सके। उन्होंने कहा कि महागठबंधन की सरकार ही देश का विकास एवं देश वासियों को उनका हक एवं मान, सम्मान दे सकती है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अबकी बार 400 पार का नारा लगा रहे हैं। परंतु सच्चाई यह है कि अबकी बार भाजपा का बेड़ा पार नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अच्छी तरह से समझ चुकी है कि मोदी जी ने झूठ एवं जुमलेबाजी के बल पर 10 साल सरकार चलाया। पिछले 10 सालों में देश की स्थिति काफी बदतर हो गई है। भाजपा फूट डालो शासन करो की नीति अपनाती है। उन्होंने कहा किसी भी व्यक्ति को भाजपा के झूठ, फरेब के चाल में नहीं फंसना है। बेहिचक महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में मतदान करना है। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व मुखिया विजय सिंह, अतहर अली, अशरफी राम, शंभू राम, यासीन अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बाना पंचायत के पूर्व मुखिया सहित 100 से अधिक लोग भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल



**गढ़वा :** मेराल प्रखंड अंतर्गत बाना पंचायत के पूर्व मुखिया विजय सिंह अपने समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। बुधवार को बाना पंचायत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री सिंह सहित 100 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। मौके पर गढ़वा विधायक सह झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर सभी लोगों ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार द्वारा राज्य में किये गये विकास कार्या, गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का हुये कायाकल्प आदि कार्यों से प्रभावित होकर काफी संख्या में लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। पूरे राज्य में विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर लोगों का रूझान झामुमो की ओर बढ़ा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुखिया विजय सिंह सहित शामिल हुये सभी लोग काफी उजार्वान हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी को और मजबूती मिलेगी। मंत्री ने कहा कि सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक घरों में जाकर मतदाताओ को झारखंड सरकार की उपलब्धियों एवं केंद्र सरकार की विफलताओं को बतायें और अपने-अपने क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी को बढ़त दिलायें। उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में महागठबंधन की स्थिति काफी मजबूत है। इस बार देश की जनता ने भाजपा को सबक सिखाने का मन बना लिया है। अबकी बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिले अविनाश देव

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के निदेशक अविनाश देव दिशोम गुरु शिबू सोरेन के भाई राजाराम सोरेन के श्राद्धकर्म में उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। वहां पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भी पैरोल पर जेल से आये थे। इस दौरान अविनाश देव ने हेमंत सोरेन से मिलकर कुशल छेम पूछा। दिवंगत राजाराम सोरेन की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर किया और हेमंत सोरेन को अंगवस्त्र व मिठाई देकर उनका स्वागत किया। इस मुलाकात का कोर्डिनेशन पलामू झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने किया। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने पूरे कार्यक्रम में सिद्दत से साथ भूमिका निभायी। इस दौरान कई मंत्री, विधायक, कार्यकर्ता से मुलाकात और बातचीत हुई।

## पुन:जीत कर आऊंगा और व्यावसायिक हित की मांगों का समाधान करूंगा : वीडी राम

बंशीधर न्यूज




**मेदिनीनगर :** आज फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन द्वारा तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में ह्यव्यापारिक हित की बात कार्यक्रम आयोजित किया गया। सह आयोजक लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर था। कार्यक्रम की अध्यक्षता चितेश मिश्रा व संचालन निलेश चंद्रा ने किया। मुख्य अतिथि सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आप लोग के सहयोग से मैं पुनः जीत कर आऊंगा और आपके लोकहित एवं व्यवसायिक हित की सभी मांगों का आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाधान करूंगा। चितेश मिश्रा ने कहा कि हमारा संगठन कोई राजनीतिक या पारिवारिक पार्टी नहीं है। बिना किसी भेदभाव से दूर रहकर जो देश की रक्षा करने, देश का सम्मान बढ़ाने, आपके हित की रक्षा करने में सक्षम हो ऐसी पार्टी को सबसे पहले मतदान करें फिर जलपान करें। कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुये क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मिश्रा एवं कार्यकारिणी सदस्य ऋषिकेश दुबे ने सांसद प्रत्याशी को 10 सूत्री आकांक्षा पत्र सौंपते हुये आग्रह किया कि अगर आप जीतकर आते हैं तो हमारी आकांक्षाओं को पूरा करने का भरोसा दें, जो व्यापारियों एवं पलामू के नागरिकों के लिये आवश्यक है। आकांक्षा पत्र में वंदे भारत एक्सप्रेस को डालटनगंज रूट से चलाने, जल संकट दूर करने के लिये कोयल नदी में चार-पांच जगह छलका बनवाने, डालटनगंज शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक के लिये मास्टर प्लान बनाने, शहरी क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था करने, डालटनगंज में इंडस्ट्रियल एरिया की व्यवस्था करने, डालटनगंज से घरेलू उड़ान की व्यवस्था कराने, मंडल डैम का निमार्ण कार्य पूरा कराने, डालटनगंज में ट्रैफिक थाना की व्यवस्था कराने और व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गयी है।

## घर में बैठी महिला को रौंदते हुए दूसरे घर में जा घुसा ट्रैक्टर

# महिला की मौत, विरोध में सड़क जाम

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** थाना क्षेत्र के मझिआंव-सुन्डीपुर मुख्य सड़क स्थित राणाडीह गांव में एक ट्रैक्टर घर में बैठी एक महिला को रौंदते हुये दूसरे घर में जा घुसीं, जिससे कईल पासवान की लगभग 55 वर्षीय पत्नी चंद्रावती देवी की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर हो गई। जबकि एक छोटी बच्ची मृतका की नतनी माही कुमारी 9 वर्ष घायल है। वहीं सुषमा देवी, मीना देवी, नेहा कुमारी सहित अन्य कई लोग बाल बाल बच गये। इस घटना में दो घर का बरामदा सहित बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया है। गनिमत यही थी कि घटना के समय बिजली कटी हुई थी। उक्त ट्रैक्टर कईल पासवान के घर में धक्का मारते हुये व उनकी पत्नी को रौंदते हुये बगल के नगीना राम के घर में जा घुसी, जहां पर लोग बाल बाल बचे। घटना बुधवार की लगभग पौने दस बजे दिन की है। लोगों का कहना है कि उक्त दोनों घर में प्रतिदिन दस बीस की संख्या में मृतका के गोतिया परिवार के महिला पुरुष व बच्चे बैठे रहते हैं। घटना से कुछ देर पहले ही लोग अपने अपने घर में चले गये थे। घटना के बाद परिजनों द्वारा मुख्य सड़क पर टेंट लगाकर शव के साथ मझिआंव-सुंडीपुर सड़क को जाम कर दिया गया। बताया जाता है कि उक्त ट्रैक्टर गांव की दक्षिण में स्थित ईंट भट्टा से उत्तर में स्थित जीपीएस ईंट भट्ठा पर जा रही थी। जिसे एक 15 वर्षीय लड़का चला रहा था। ड्राईवर महेंद्र कोरवा लगभग उम्र 15 वर्ष व एक अन्य ट्रैक्टर सवार गोरख कोरवा शराब के नशे में चूर बताये जा रहे थे। दोनों रंका थाना के शिवरी कला के निवासी बताएं जा रहे हैं।दोनों को कांडी पुलिस अपने कब्जे में रखा है। घटना के बाद सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व विधि व्यवस्था संभालते हुये जाम हटवाने में दिन भर लगे रहे। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह व सीओ भी घटनास्थल पर पहुंचे व परिजनों को समझाकर जाम हटवाने का प्रयास किये, लेकिन सफल नहीं हो सके। मृतक के दोनों पुत्र बाहर कमाते हैं, बड़ा पुत्र अभय के रांची से आने के बाद लगभग चार बजे परिजनों ने सड़क जाम हटाया। मौके पर सीओ ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के अनुसार उचित मुआवजा दिये जाने की बात कही। जाम में फंसे वाहन वापस होकर दूसरी रास्ता से जाते देखे गये।

# पलामू लोस सीट से प्रचंड बहुमत से जीतेगी भाजपा : किसलय

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व झारखंड प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने उटारी रोड, विश्रामपुर, मोहमदगंज, हैदरनगर मंडल में कार्यकताओं एवं ग्रामीणों के साथ बैठक की। कहा कि चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। विपक्षी दलों के लोग जनता के बीच में तरह तरह का भ्रम फैला रहे हैं, लेकिन आम जनमानस मोदी सरकार के साथ है। खुद भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे विपक्ष के नेता अपनी ईमानदारी का प्रमाण पत्र दिखाते चल रहे हैं जिसे जनता भली भांति देख और समझ चुकी है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा भ्रष्टाचार पर चल रहे चाबुक से विपक्षी दलों में हलचल मची हुई है। श्वेतांक गर्ग ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी बीडी राम ने पिछले 10 सालों में पलामू जैसे पिछड़े जिले में चहुंओर विकास की जो लकीर खींची है, उससे उनका ऐतिहासिक मतों से चुनाव जितना तय है। मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षो में जनहित में अनेकों योजनाएं बनाई हैं जिसका सीधा लाभ आम जनता को मिला है। जिले भर में भाजयुमो कार्यकर्ता बुथ स्तर पर युवाओं से लगातार जनसंपर्क चला रहें हैं। युवा चौपाल, पथ सभा तथा डोर टू डोर संपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में मतदान के लिये आमजनों से आग्रह कर रही है।

# झारखंड में राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रहीं बेटियां व पत्नियां

**रांची।** अक्सर देखा जाता है कि राजनेताओं की राजनीतिक विरासत को उनके बेटे ही संभालते हैं लेकिन झारखंड में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। यहां राजनेताओं की बेटियां और पत्नियां उनकी राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इनमें कल्पना सोरेन, अनुपमा सिंह, अन्नपूर्णा देवी, सीता सोरेन, जोबा मांझी, गीता कोड़ा, निर्मला देवी, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की और यशस्विनी सहाय जैसे नाम प्रमुख हैं। ये पिता या पति की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रही हैं।




इसकी शुरूआत बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के साथ हुई। पिता योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद बेटी अंबा प्रसाद ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। शिल्पी नेहा तिंकी भी पिता बंधु तिर्की की राजनीतिक विरासत को संभाल रही हैं। इस कड़ी में यशस्विनी सहाय का नाम भी आता है जो पिता सुबोधकांत सहाय की राजनीतिक विरासत को संभालने के लिए चुनावी मैदान में हैं। यह अलग बात है कि बेटियों के चुनावी मैदान में कूदने के कई कारण और परिस्थितियां बनीं।

योगेंद्र साव के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी निर्मला देवी बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ीं। जनता ने निर्मला देवी का साथ दिया और वह विधायक बनीं लेकिन कई आपराधिक मामलों में फंसने की वजह से निर्मला देवी को भी जेल जाना पड़ा। ऐसे में उनकी बेटी अंबा प्रसाद को 2019 के विधानसभा चुनाव में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ाना पड़ा। अंबा चुनाव जीत कर परिवार की राजनीतिक विरासत को बचाने में सफल रहीं।

इसी तरह बंधु तिर्की को कोर्ट से सजा मिलने के बाद विधानसभा की सदस्यता खत्म हो गई। उन्होंने राजनीतिक विरासत बचाने के लिए बेटी शिल्पी नेहा तिर्की को मांडर विधानसभा क्षेत्र में हुए उप चुनाव में खड़ा कर दिया। शिल्पी भी चुनाव जीत गईं।

इस बार झारखंड से लोकसभा चुनाव लड़ने में पत्नियां भी पीछे नहीं हैं। दिवंगत दुर्गा सोरेन की पत्नी और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन को परिवार में सम्मान नहीं मिला तो भाजपा में शामिल हो गई। भाजपा ने दुमका से सीता सोरेन को उतारा है। कांग्रेस ने विधायक अनूप सिंह की पत्नी अनुपमा सिंह को धनबाद से टिकट दिया है। इधर, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन पहले ही पार्टी कमान संभाल चुकी हैं। वे गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव लड़ रही हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को भाजपा ने सिंहभूम से प्रत्याशी बनाया है। इनके अलावा अन्नपूर्णा देवी और जोबा मांझी समेत कई अन्य महिलाएं भी राजनीति में पति की राजनीतिक विरासत संभाल रही हैं।

## कल्पना सोरेन ने गांडेय से राजनीतिक जीवन की शुरूआत की

झारखंड के सबसे बड़े राजनीतिक परिवारों में से एक सोरेन परिवार में शादी के 18 वर्ष गुजारने के बाद कल्पना सोरेन की गांडेय से राजनीति में एंट्री हुई। वह गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव में झामुमो की प्रत्याशी हैं। कल्पना सोरेन की राजनीति में एंट्री पति हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद हुई थी। वह इंडी गठबंधन की मुंबई, दिल्ली व रांची में रैली में पार्टी की तरफ से सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। हेमंत सोरेन के बाद वह पार्टी की सबसे लोकप्रिय चेहरा हैं, जिससे पार्टी कार्यकर्ता को ऊर्जा मिलती है। पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में वह गिरीडीह में मौजूद थीं।

## अनुपमा सिंह ने धनबाद से की राजनीतिक जीवन की शुरूआत

झारखंड के दिग्गज राजनीतिक घराने से ताल्लुक रखने वाली अनुपमा सिंह धनबाद से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरूआत कर रही हैं। इसी साल जनवरी में जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर झारखंड में थे, तो विधायक पति जयमंगल सिंह के हैदराबाद प्रवास के दौरान उनकी पत्नी अनुपमा सिंह ने न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए मोर्चा संभाल लिया था।

राहुल गांधी धनबाद और बोकारो के जिस रास्ते से गुजरे अनुपमा सिंह पूरे रास्ते उनके साथ रहीं। इसी समय से उनके चुनाव लड़ने की अटकलें शुरू हो गईं। अनुपमा सिंह के पति तो कांग्रेस के विधायक हैं ही। उनके दिवंगत ससुर राजेंद्र सिंह बिहार और झारखंड के बड़े मजदूर नेता रहे हैं। वो बेरमो सीट से छह बार विधायक रहे। दोनों राज्यों की सरकारों में कैबिनेट मंत्री भी रहे। बहरहाल, अब यह देखना दिलचस्प होगा की राज्य की जनता किस-किस की राजनीतिक विरासत पर मुहर लगाती है।

# झामुमो-कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों को दे रही संरक्षण : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रदेश की झामुमो-कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है, उसे बचने का काम कर रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है। मरांडी ने कहा कि इनके मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपये मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है।



हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में आरोप पत्र जारी करते उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस और झामुमो की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है। कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है। विधायक सीपी सिंह ने बताया कि भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोप पत्र में भ्रष्टाचार को उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है। आजाद भारत में किसी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है। राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं। ईडी की छापामारी में पूजा सिंघल के करीबियों के यहां करोड़ों रुपये बरामद हुए। सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा गया।

# यह लोकसभा चुनाव संविधान को बदलने और संविधान को बचाने की लड़ाई : आलमगीर आलम

**लोहरदगा।** इंडी गठबंधन ने बुधवार को शहरी क्षेत्र के जामा मस्जिद के समीप चुनावी सभा का आयोजन किया। सभा के मुख्य अतिथि आलमगीर आलम ने कहा कि संविधान को बदलने तथा संविधान को बचाने की लड़ाई चल रही है। सरकार आमजनों की समस्याओं के निदान के लिए बनती हैं ना कि पूंजीपतियों का कर्जा माफ करने के लिए। इंडी गठबंधन संविधान को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास कर रही है। आलमगीर ने कहा कि हिंदुस्तान की खूबसूरती गंगा जमुनी तहजीब है लेकिन भाजपा ने नफरत की राजनीति करते हुए समाज को बांटने का काम किया है।



राज्य में बनी कांग्रेस, झामुमो तथा राजद की गठबंधन सरकार बेहतर कार्य कर रही है। आदिवासियों को सरना धर्म कोड देने का प्रस्ताव और ओबीसी को आरक्षण देने सहित अन्य कार्य किया लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार ने सभी बिल को वापस कर दिया। निर्दलीय प्रत्याशी चमरा लिंडा पर इशारों-इशारों में प्रहार करते हुए कहा कि पार्टी से बगावत करते हुए कोई चुनाव नहीं जीत सकता है। केवल इंडी गठबंधन के जीत का अंतर कम करने का काम करेगा। आने वाले चार सालों में 20 लाख अबुवा आवास देने को लक्ष्य रखा गया है। संविधान को बचाने के लिए गंगा जमुनी तहजीब कायम करना होगा। भाजपा की नफरत की राजनीति को मोहब्बत से तोड़ देंगे।

# जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता : विनोद बंसल

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा कि इस पवित्र भूमि में जनजातीय समाज के बीच कराए जा रहे मतांतरण के प्रयास को रोकना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देते हुए शत प्रतिशत मतदान कर सभी नागरिक अपने राष्ट्रधर्म का पालन करें।

विनोद बंसल बुधवार को विहिप के झारखंड प्रांत की बैठक में बोल रहे थे। बैठक रांची एयरपोर्ट रोड स्थित ग्रीन एकर होटल के सभागार में विहिप के प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत की अध्यक्षता में हुई।




मौके पर विहिप के क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र विमल और क्षेत्र सहमंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने परिषद के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि इस वर्ष विश्व हिंदू परिषद अपने 60 वर्ष पूर्ण कर षष्टिपूर्ति वर्ष मनाने जा रही है। प्रत्येक पंचायत में समितियां बने तथा समितियां के माध्यम से हिंदू समाज के बीच सेवा, सुरक्षा और संस्कार के लिए होने वाले कार्यों को गति मिले।

इस दौरान प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया 12 मई से 19 मई तक सभी प्रखंडों में सीता नवमी का कार्यक्रम 1000 स्थान पर मनाने की योजना है। जून माह में परिषद शिक्षा वर्ग, बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्गों, का आयोजन 5 जून से 15 जून तक गिरिडीह के मधुबन एवं लोहरदगा में किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद द्वारा सेवा की दृष्टि से रक्तदान शिविर, सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, संस्कारशाला तथा वर्तमान समय में गर्मी को देखते हुए कई जिलों में प्याऊ के माध्यम से पानी पिलाने का काम परिषद के कार्यकर्ता कर रहे हैं। षष्टि पूर्ति वर्ष में प्रांत में 5000 पूर्ण समितियों के गठन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बजरंग दल के जरिये कई प्रखंडों में बलोपासना केंद्र, दुर्गा वाहिनी के जरिये शक्ति साधना केंद्र संचालित किया जा रहा है। साथ ही सत्संग गोरक्षा, धर्म प्रसार आदि के कार्य संपूर्ण झारखंड में चलाए जा रहे हैं। प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सके इस दृष्टि से श्रीराम का चरित्र का ज्ञान सभी को हो। इसके लिए विश्व हिंदू परिषद विद्यालय स्तर पर रामायण ज्ञान परीक्षा का आयोजन करेगी । साथ ही बैठक में उपस्थित होने के लिए उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

# निश्चित हार को देख कर मोदी एवं उनके नेता हो गये हैं दिशाहीन : झामुमो

**रांची।** (झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में तीसरे चरण के मतदान के साथ ही आधा चुनाव संपन्न हो गया है, जो रिपोर्ट आ रही है, उसके अनुसार मोदी और भाजपा चुनाव हार रहे हैं। पहले से मुद्दाविहीन मोदी और उनके नेता अब और दिशाहीन हो गए हैं। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के दुरचारी, आरोपितों और भ्रष्टाचारियों को पहले टिकट दिया और अब उनके लिए मोदी घूम-घूम कर वोट मांग रहे हैं।



उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोलते हैं। अनाप-शनाप बोलकर क्यों झारखंड का माहौल खराब कर रहे हैं। ये लोग अपनी निश्चित हार को देखते हुए अब हिंदू और आदिवासी को टोपी पहनाकर भाजपा में शामिल करा रहे हैं। गत दिवस मुस्लिम के नाम पर हुए भाजपा के ज्वाइनिंग पर जिस तरह की खबरें आ रही है, वह चिंताजनक और हताशा भरा कदम है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)